तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 20 अप्रैल 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]




3 तापमान पहुंचा 43 डिग्री के पार, सड़कों पर ट्रैफिक जवान तैनात, बिगड़ रही है तबियत






## खबर संक्षेप

*कोरबा। जिले के देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्र की महानवमी में भक्तों की भारी भीड़ रही। मां सिद्धिदात्री की विशेष पूजा-अर्चना की गई। सर्वमंगला मंदिर में श्रद्धालुओं ने 11 किलोमीटर की पदयात्रा कर माता को 301 मीटर लंबी चुनरी चढ़ाई। फूल मालाओं से सुसज्जित वाहन में मां दुर्गा की तस्वीर स्थापित की गई थी। श्रद्धालुओं ने हाथों से चुनरी को पकड़कर 11 किलोमीटर की पदयात्रा शुरू की।

### पसान में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# कांग्रेस के बहकावे में न आए जनता, हर महीने खाते में पहुंचेगी महतारी वंदन की राशि : साय



मंच पर उपस्थित मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, उद्योग मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय सहित भाजपा नेता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा। प्रदेश में 15 साल भाजपा की सरकार थी, उस दौरान दो साल का धान का बोनस बकाया था जिसे कांग्रेस ने देने का वादा किया लेकिन सत्ता में आने के बाद पांच साल तक कांग्रेस ने बोनस को लेकर चर्चा भी नहीं की। हमने 12 लाख से ज्यादा किसानों को 3 हजार 116 करोड़ रुपए दो साल का बकाया बोनस देने का काम किया है। 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल धान की खरीदी की गई है। राज्य में अब तक 145 लाख मीट्रिक टन रिकार्ड धान की खरीदी हुई है जो अंतर की राशि 917 रुपए प्रति क्विंटल थी, एमएसपी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भेज दी पर जो अंतर की राशि प्रति क्विंटल 917 रुपए था उस अंतर की राशि हमने दी है।

उक्त बातें पाली तानाखार विधानसभा के पसान में आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने लोगों को आश्वस्त किया कि आदिवासी, अनुसूचित जाति, ओबीसी किसी का आरक्षण खत्म नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा है कि आरक्षण कभी भी खत्म नहीं होगा। कोई भी ताकत आरक्षण को ख़त्म नहीं कर सकती। गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा है कि जब तक भारतीय जनता पार्टी राजनीति में है आरक्षण कभी खत्म नहीं हो सकता, न होने देंगे। श्री साय ने कहा कि कांग्रेसियों के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है तो अब वे आरक्षण ख़त्म होने का भ्रम फैला रहे हैं। सीएम साय ने जनता से अपील की कि कांग्रेसियों की बातों में नहीं आना है, उसको सबक सिखाना है और इस चुनाव में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलने देना है। उन्होंने कहा कि हमने 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की बात की थी जिसमें अंतर की राशि प्रति क्विंटल 917 रुपए थी। प्रदेश के कुल 24 लाख 72 हजार किसानों ने धान बेचा था जिनकी अंतर की राशि 13 हजार 320 करोड़ रुपए 12 मार्च को एकमुश्त दे दी गई। कांग्रेस के लोग हमारी माता और बहनों को बरगला रहे हैं कि बीजेपी चुनाव तक ही महतारी वंदन योजना का पैसा देगी। चुनाव के बाद महतारी वंदन योजना बंद हो जाएगी। महतारी वंदन के तहत दो महीनों की राशि हमारी माता व बहनों के खातों में आ चुकी है। हर माह के पहले सप्ताह में माता व बहनों के ⏭शेष पेज 3 पर

### दीपका नगर पालिका अध्यक्ष व पूर्व जनपद अध्यक्ष भाजपा में शामिल

पसान में आयोजित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सभा में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। मुख्यमंत्री श्री साय के समक्ष दीपका नगर पालिका अध्यक्ष संतोषी दीवान, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव आकाश शर्मा, राहुल शर्मा, सौरभ शर्मा समेत अन्य युवा कांग्रेसियों ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। कोरबा से भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय के नामांकन सभा के दौरान भी गुरुवार को पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि श्रीमती धनेश्वरी कंवर एवं उनके पति पूर्व सरपंच संघ करतला गोविंद नारायण भी भाजपा में शामिल हो गए थे।

### कांग्रेस ने आदिवासियों को केवल वोट बैंक समझा

विष्णुदेव साय ने कहा कि किसी को कांग्रेसियों के बहकावे में आने की जरूरत नही है। आजादी के बाद कांग्रेस ने देश में 55 वर्षों तक राज किया, अनेक राज्य में वर्षों तक राज किया। लेकिन आदिवासियों का हित कभी नहीं किया। आदिवासियों को केवल अपना वोट बैंक समझा। यहाँ तक कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण भी नहीं किया। श्रद्धेय अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया और आदिवासियों का समुचित विकास हो इसके लिए आदिम जाति कल्याण मंत्रालय भी बनाया। आदिवासियों का असली हित और सम्मान भाजपा करती है।

# अंतिम दिन आठ अभ्यर्थियों ने दाखिल किए अपने नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव के लिए दाखिल किए जा रहे नाम निर्देशन पत्र के अंतिम दिन 8 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने के बाद अब तक 22 अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव लड़ने हेतु पर्चा दाखिल किया जा चुका है। कुल 30 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देश पत्र खरीदा गया गया था। अंतिम दिन होने के कारण कलेक्टोरेट परिसर में गहमा गहमी का माहौल बना रहा।

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 4 कोरबा के लिए शुक्रवार को आठ अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया। इनमें बहुजन समाज पार्टी से लोकसभा का चुनाव लड़ रहे दूजराम बौद्ध ने आज अपना बी फार्म जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष जमा किया। 12 अप्रैल से नाम निर्देशन पत्र की कार्यवाही शुरू हुई थी। कुल 30 अभ्यर्थियों के द्वारा चुनाव लड़ने हेतु नाम निर्देशन पत्र खरीदे गए थे। 19 अप्रैल अंतिम तिथि के दिन तक कुल 22 अभ्यर्थियों ने अपना पर्चा दाखिल किया है। 20 अप्रैल को स्क्रूटनी होने के साथ 22 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्र की वापसी की अंतिम तिथि है। उसके बाद लोकसभा के लिए कुल प्रत्याशियों की वास्तविक स्थिति सामने आ पाएगी। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि होने के कारण शुक्रवार को कलेक्टोरेट परिसर में गहमा गहमी का माहौल बना रहा। निर्दलीय प्रत्याशियों के द्वारा अंतिम दिन अपना पर्चा दाखिल किया गया। इसके पूर्व बुधवार व गुरूवार को कांग्रेस व भाजपा के प्रत्याशियों ने अपना पर्चा दाखिल किया था।

### इन अभ्यर्थियों ने दाखिल किया पर्चा

वेदलाल धनुवार, चरणदास महंत निर्दलीय, संतोष कुमार खुंटे, मो.शगीर अंसारी, श्रीमती रितेश्वरी गड़वाल, कल्याण सिंह तंवर, राजन पाण्डेय, शिवपूजन सिंह आदि शामिल हैं। इसके अलावा गुरूवार को जिन अभ्यर्थियों ने अपने नामांकन दाखिल किए थे उनमें प्रताप सिंह भानु, निर्दलीय, पालन सिंह निर्दलीय, सोबरन सिंह सैमा निर्दलीय, श्रीमती रेखा तिवारी छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी, सुश्री प्रियंका पटेल रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अंबेडकर, सुश्री सरोज पांडेय भारतीय जनता पार्टी, श्रीमती शांति बाई मरावी निर्दलीय, केवल भारती गोस्वामी निर्दलीय, श्याम सिंह मरकाम, गोंगपा, राजेश पांडेय निर्दलीय, दिलीप मिरी निर्दलीय, सुशील विश्वकर्मा भारतीय जनता सेक्युलर पार्टी, जयचंद्र सोनपाकर निर्दलीय एवं कमाल खान निर्दलीय शामिल हैं। नामांकन पत्र क्रय करने के क्रम में आज कुल 13 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र क्रय किया। जिसके अंतर्गत सुशील कुमार विश्वकर्मा भारतीय जनता सेक्यूलर पार्टी, प्रशांत डेनिएल सर्व आदि दल, शांति बाई मरावी निर्दलीय, कल्याण सिंह तंवर छत्तीसगढ़िया पार्टी, अमरीका करपे निर्दलीय, निर्दोष कुमार यादव निर्दलीय, संतोष शर्मा निर्दलीय, शेख रउफ निर्दलीय, राजन पाण्डेय निर्दलीय, शिवपूजन सिंह निर्दलीय, कौशल्या पोर्ते निर्दलीय, पुरूषोत्तम दास मानिकपुरी निर्दलीय, संतोष कुमार खुंटे अम्बेडकराई पार्टी ऑफ इंडिया ने नामांकन पत्र क्रय किया। अब तक कुल 30 अभ्यर्थियों ने नाम-निर्देशन पत्र क्रय किया है।

# परसाभाठा से बजरंग चौक तक वाहनों के परिचालन का समय निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत ने बालको के परसाभाठा चौक से बजरंग चौक तक भारी वाहन परिचालन के संबंध में आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार इस मार्ग पर सुबह 7 से 9 और शाम 5 से 7 बजे तक भारी वाहन के आवागमन/परिचालन में प्रतिबंध होगा। वही इस मार्ग में गति सीमा 30 किलोमीटर प्रति घण्टा निर्धारित की गई है।

उल्लेखनीय है कि बालकों के परसाभाठा चौक के पास हुई दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु जिला प्रशासन के द्वारा संयुक्त बैठक 14 अप्रैल को आयोजित की गई, जिसमें जिला प्रशासन, बालको प्रबंधन एवं स्थानीय निवासी से परामर्श के पश्चात सर्व सम्मति से निर्णय के आधार पर एवं छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के नियम - 215 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग में लाते हुए लोक सुरक्षा की दृष्टि से बालको परसाभाठा चौक से बजरंग चौक तक सभी प्रकार के भारी वाहनों के आवागमन को समयावधि प्रातः 7 बजे से प्रातः 9 बजे तक एवं शाम 5 बजे से शाम 7 बजे तक आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के नियम 217 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग में लाते हुए लोक सुरक्षा की दृष्टि से बालको परसाभाठा चौक से बजरंग चौक तक संचालित सभी प्रकार के भारी वाहनों की अधिकतम गति सीमा 30 कि.मी. प्रतिघंटा निर्धारित किया गया है।




19 korba-pg2_Layout 1 4/19/2024 11:29 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### श्री सप्तदेव मंदिर में मनाया गया रामनवमी उत्सव

**कोरबा।** श्री सप्तदेव मंदिर कोरबा में श्री रामनवमीं उत्सव बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन दोपहर 12 बजे मंदिर में भगवान श्रीराम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघन का जन्म कराया गया। जिनके जन्म की खुशियाँ में बैंड बाजा बजाया गया, बधाईयाँ दी गई, प्रसाद वितरण किया तथा भव्य आतिशबाजियाँ की गई। इस दिन माँ दुर्गा की पूजन आरती की गई एवं ज्योत का विसर्जन सम्पन्न हुआ। विदित हो कि इस दिन श्री सप्तदेव मंदिर में श्याम जी का सांवले स्वरूप का अलौकिक श्रृंगार किया गया जो कि वर्ष में सिर्फ एक बार रामनवमी पर होती है। समस्त भक्तों को शरबत एवं खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया जिसे बड़ी संख्या में लोगों ने ग्रहण किया।

### बीएमएस यूनियन का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न




**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन, बिलासपुर बीएमएस यूनियन का कार्यकर्ता सम्मेलन एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के बीएमएस यूनियन कार्यलय में सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता बिलासपुर यूनियन के अध्यक्ष अश्विनी मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के लक्ष्मा रेड्डी, प्रभारी कोयला उद्योग के साथ राधेश्याम जायसवाल, मंत्री भारतीय मजदूर संघ (दिल्ली), श्रीमान टिकेश्वर सिंह राठौर, अध्यक्ष- एबीकेएमएस, लक्ष्मण चन्द्रा, प्रभारी राष्ट्रीय पर्यावरण मंच, मजरुल हक़ अंसारी, उपाध्यक्ष एबीकेएमएस, शंखध्वनि सिंह बनाफर, उपाध्यक्ष बीएमएस, सुजीत सिंह, सदस्य कंपनी संचालन समिति, एसईसीएल एवं यूनियन के महामंत्री अशोक कुमार सूर्यवंशी के अलावा कोरबा, कुसमुंडा, गेवरा, दीपका क्षेत्र के लगभग 125 पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधन राधेश्याम जायसवाल और कोयला उद्योग प्रभारी के लक्ष्मा रेड्डी ने किया। उन्होंने कोयला उद्योग के वर्तमान और आगे होने वाले परिदृश्य पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। सीएमपीएफ विभाग में हो रहे घोटाला एवं सिस्टम को मजबूत और पारदर्शी बनाने की दिशा में संगठन द्वारा प्रयास किया जा रहा है। बैठक का संचालन यूनियन के महामंत्री अशोक कुमार सूर्यवंशी ने किया। यूनियन अध्यक्ष अश्वनी कुमार मिश्रा ने सभी का आभार जताया।

### जैन बहू मण्डल ने मनाया महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव



**कोरबा।** शहर के जैन मंदिर में क्षेत्र की गूंज जैन बहू मण्डल द्वारा महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में दूसरे दिन का कार्यक्रम बड़ा ही शानदार रहा लोगों ने जमकर खरीददारी की और खाने पीने का लुफ्त भी उठाया। यह जैन बहू मण्डल का पहला प्रयास रहा, इसमें सभी ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उन सभी महिलाओं को एक नयी पहचान देना था जो घर से अपना काम करती है।

### अंतिम तिथि तक 34 अभ्यर्थियों ने दाखिल किए नामांकन पत्र

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव के लिए नाम निर्देशन पत्र के अंतिम तिथि तक कोरबा लोकसभा से कुल 34 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देश पत्र दाखिल किए हैं, जिनमें निर्दलीय की संख्या ज्यादा है। अंतिम तिथि 19 अप्रैल को सर्वाधिक 17 अभ्यर्थियों ने अपने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए हैं। जिनमें श्याम सिंह मरकाम गोंगपा, दूजराम बौद्ध बसपा, सुश्री सरोज पाण्डेय भाजपा, श्रीमती ज्योत्सना महंत कांग्रेस, महेन्द्र कुमार श्रीवास निर्दलीय, प्रताप सिंह भानु निर्दलीय, पालन सिंह निर्दलीय, सोबरन सिंह सैमा निर्दलीय, श्रीमती रेखा तिवारी छविपा, सुश्री प्रियंका पटेल आरपीआई, श्रीमती शांति बाई मरावी निर्दलीय, केवल भारती गोस्वामी निर्दलीय, राजेश पाण्डेय निर्दलीय, दिलीप मिरी निर्दलीय, सुशील विश्वकर्मा भारतीय जनता सेक्युलर पार्टी, जयचंद्र सोनपाकर, निर्दलीय, कमाल खान निर्दलीय, संतोष शर्मा निर्दलीय, प्रशांत डेनियल सर्वआदिवासी दल, कमलदेव भाशचेपा, पुरुषोत्तम दास मानिकपुरी निर्दलीय, शेख राउफ निर्दलीय, अमरीका करपे निर्दलीय, श्रीमती कौशल्या बाई पोर्ते निर्दलीय, निर्दोष कुमार यादव निर्दलीय, रमेश दास महंत निर्दलीय, शिवपूजन सिंह निर्दलीय, कल्याण सिंह तंवर निर्दलीय, राजन पाण्डेय निर्दलीय, श्रीमती रीतेश्वरी गढ़वाल निर्दलीय, मोहम्मद सगीर अंसारी निर्दलीय, संतोष कुमार खूंटे अम्बेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया, चरण दास महंत निर्दलीय, वेदलाल धनवार शक्ति सेना (भारत देश) शामिल हैं।

## दोनों मतदान केन्द्रों की दूरी जिला मुख्यालय से 115 किलोमीटर

# पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड के अटारी और अमझर जिले के सबसे दूरस्थ मतदान केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव के लिए चल रही तैयारियों के कार्यक्रम में नये मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। कुल 1087 मतदान केन्द्रों में वोट डाले जाएंगे। पूर्व में 1080 मतदान केन्द्र थे, सात सहायक मतदान केन्द्र बनाए जाने से यह संख्या बढ़कर 187 हो गई है। वहीं पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के अटारी जिसकी दूरी जिला मुख्यालय से 115 किलोमीटर है और यह कोरिया जिले के सीमा से लगा है। वहीं अमझर मतदान केन्द्र जिले का दूसरा सबसे दूरस्थ मतदान केन्द्र है। इसकी दूरी भी जिला मुख्यालय से 115 किलोमीटर है और यह गौरेला पेड़ा मरवाही जिले की सीमा से लगा हुआ है।

मतदान केन्द्रों की तैयारियों के तहत जिला प्रशासन द्वारा यह भी देखा जा रहा है कि किस मतदान केन्द्र की जिला मुख्यालय से कितनी दूरी है और उनको मतदान केन्द्र पहुंचने में और वहां से सुरक्षित आने में कितना समय लगेगा। इसके साथ ही दूरस्थ मतदान केन्द्रों की भौगोलिक स्थिति एवं उस क्षेत्र में होने वाली अन्य गतिविधियों पर भी फोकस किया गया है, ताकि शांतिपूर्वक मतदान बिना किसी बाधा के संपन्न कराया जा सके। जिला प्रशासन ने ऐसे मतदान केन्द्रों को चिन्हांकित किया है, जिनमें पोड़ीउपरोड़ा विकासखंड के अटारी मतदान केन्द्र सबसे दूर 115 किलोमीटर दूर है और वहीं अमझर जो पसान के आगे स्थित है इसकी भी दूरी जिला मुख्यालय से 115 किलोमीटर है। अटारी मतदान केन्द्र कोरिया जिले के सीमा से लगा हुआ है तो वहीं अमझर मतदान केन्द्र की सीमा गौरेला पेड़ा मरवाही जिले से लगी हुई है। जिले की सीमा क्षेत्र से इन मतदान केन्द्रों के स्थित होने के कारण जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर अजीत बसंत ने सीमा क्षेत्र में स्थित होने के कारण इन मतदान केन्द्रों के आसपास चेकपोस्ट तैयार किए जा रहे हैं और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बाहर से आने वाले एक-एक व्यक्ति की जानकारी रखी जा रही है। इन दो मतदान केन्द्रों के अलावा शेष मतदान केन्द्रों की दूरी 70 किलोमीटर से अधिक नहीं है।




### स्वास्थ्य सुविधा पर किया जा रहा है फोकस

बढ़ते तापमान के बीच मतदान कराने के लिए मतदान केन्द्रों में तैनात मतदान कर्मियों के स्वास्थ्य को लेकर निर्वाचन आयोग गंभीर है। उसके द्वारा इस बार मतदान कर्मियों के स्वास्थ्य को लेकर एयर लिफ्ट की भी व्यवस्था की गई है। दूरस्थ मतदान केन्द्र में तैनात मतदान कर्मी की अचानक तबियत खराब होने पर उसे जिला मुख्यालय लाने की तत्कालीक व्यवस्था रहेगी। वहीं वैकल्पिक तौर पर स्वास्थ्य विभाग का अमला प्रत्येक मतदान केन्द्र में दौरा करता रहेगा।

### वनांचल क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों की संख्या ज्यादा

जिले के पहाड़ी और वनांचल क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों की संख्या ज्यादा है। 1087 मतदान केन्द्रों में पोड़ी उपरोड़ा, पाली और कोरबा विकासखंड में मतदान केन्द्र ज्यादा है जो पहाड़ी और वनांचल क्षेत्र में स्थित है। ऐसे मतदान केद्रों में पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम कोडगार मतदान केन्द्र जो चिरमिरी जिले की सीमा से लगा है। इसके अलावा ग्राम जलके, पाली विकासखंड अंतर्गत बाली उमराव, पहाड़ गांव, चेपारानी, ग्राम सिल्ली सीमा क्षेत्र से लगे हुए हैं। इसी तरह कोरबा विकासखंड अंतर्गत आने वाले कुदरी चिंगर, विमलता, नकिया, गुरमा मतदान केन्द्र ऐसे हैं जो वनांचल और ऊंचाई क्षेत्र में स्थित है। इन मतदान केन्द्रों में कनेक्टिविटी की एक बड़ी समस्या सामने आई है।

### 550 से अधिक वाहन किए जाएंगे अधिग्रहित

कोरबा लोकसभा अंतर्गत 8 विधानसभा क्षेत्र आती है, इनमें चार कोरबा जिले की है। जिनके मतदान केन्द्रों के लिए वाहनों के अधिग्रहण की कार्यवाही शीघ्र ही शुरू की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार 550 से अधिक वाहन लोकसभा चुनाव के लिए अधिग्रहित किए जाएंगे। वाहनों के फिटनेस को लेकर भी इस बार निर्वाचन विभाग सजग है। बीते विधानसभा चुनाव के दौरान बोड़ानाला मतदान केन्द्र से मतदान दल को वापस लाते समय बस के खराब हो जाने के कारण जिला मुख्यालय से दूसरी बस भेजी गई थी।

### अधिक मतदान कराने का प्रयास

सभी मतदान केन्द्रों में हर तरह की सुविधाएं की जा रही है ताकि मतदान दल को किसी तरह के परेशानी का सामना न करना पड़े। आम लोगों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सभी मतदान केन्द्रों में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की जा रही है।

\- **अजीत वसंत,** जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर

## सड़क तक दुकानदारी बढ़ी दुर्घटना की आशंका



सड़क पर दुकान लगाने से बाधित होता यातायात।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अक्सर देखने को मिलता है कि जब तक कोई बड़ी घटना नहीं होती प्रशासन हरकत में नहीं आती। मामला है बरपाली का जहाँ बरपाली बस स्टैंड से तुमान जाने वाली सड़क के दोनों किनारों पर सघन बसाहट है और लगभग सभी लोग दुकान संचालित करते है। दुकान संचालन तक तो ठीक है लेकिन ये व्यापारी अपने दुकान के सामानों को सड़क तक ऐसे जमाकर रखते है कि बस स्टैंड से लेकर रेलवे फाटक तक सड़क के दोनों ओर केवल सामान ही नजर आती है और सड़क काफी संकरा हो जाता है जिससे गाड़ियों के आवागमन में काफी दिक्कत होती है।

यह सड़क कई निजी विद्यालय, शासकीय महाविद्यालय व रेलवे स्टेशन जाने का मुख्य मार्ग है। जिससे बड़ों के साथ साथ बच्चे भी आना जाना करते हैं। एक ओर भारतीय स्टेट बैंक व दूसरे तरफ जिला सहकारी बैंक के स्थित है। जिला सहकारी बैंक में किसानों का अपने धान का पैसा निकालने के लिए बैंक के सामने सड़क पर रोज लंबी कतार लगी रहती है। जहाँ पार्किंग की व्यवस्था ना होने के कारण लोगों द्वारा गाड़ियों को भी सड़क किनारे रखकर भारी जाम लगा दिया जाता है। इधर व्यापारियों द्वारा अपने दुकान के सामने सड़क तक अपने सामान निकालकर रखने के कारण आये दिन छोटी मोटी दुर्घटनाएं होती रहती है। व्यापारियों द्वारा इस तरह से सड़क जाम करने से आम लोग भारी परेशान व आक्रोशित हैं। लोगों के द्वारा कई बार प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया गया लेकिन प्रशासन द्वारा अभी तक व्यवस्था सुधारने हेतु कोई पहल नहीं की गई है। आपको बता दें कि पूर्व में भी इस सड़क पर कार द्वारा सहकारी बैंक के सामने दुर्घटना कारित कर तीन लोगों को ठोकर मार दिया गया जिसमें से एक की मौत हो गयी थी और कार जाकर एक दुकान में घुस गई थी, लेकिन ऐसे घटना के बाद भी प्रशासन हरकत में नहीं आया और न ही व्यापारियों द्वारा अपना सामान सड़क पर रखना बन्द किया गया। शायद प्रशासन फिर किसी बड़ी दुर्घटना के इन्तजार में है क्योंकि जब तक कोई हादसा न हो प्रशासन की नींद नहीं खुलती है।

## स्वंयसेवकों ने रंगोली बना कर जागरूकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चैतमा समन्वयक रासेयो डॉ.मनोज सिन्हा, जिला संगठक कोरबा प्रो वायके तिवारी, प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम के निर्देश पर वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी, व्याख्याता के मार्गदर्शन में चुनाव का पर्व देश का गर्व स्वयं सेवक सुप्रिया, चांदनी, अल्का, रितिक ने रंगोली बना कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। प्राचार्य चंद्राणी सोम ने बताया कि चुनाव लोकतंत्र का एक महान पर्व है देश का हर व्यक्ति जिसे भी मतदान करने का अधिकार मिला है उसे इस महान पर्व में जरूर हिस्सा लेना चाहिए। हम एक लोकतांत्रिक देश के स्वतंत्र नागरिक हैं लोकतांत्रिक प्रणाली के तहत जितने भी अधिकार देश के नागरिकों को मिले हैं, उनमें सबसे बड़ा अधिकार मतदान का है। वीरेंद्र कुमार बंजारे ने बताया कि लोकतांत्रिक प्रणाली का सबसे बड़ा अधिकार मतदान का है। मतदान के जरिए हम स्वयं का एवं देश का भविष्य तय करते हैं। आज भी जागरूकता के अभाव में लोग मतदान करने से कतराते हैं। मतदाता अपने अधिकार को समझें और लोकतंत्र की मजबूती के लिए अवश्य मतदान करें, क्योंकि मतदाता के योगदान से राष्ट्र की दिशा एवं दशा तय होती है। मतदान के दिन अपने सभी कार्यों में सबसे ज्यादा महत्व मतदान को दें। मतदाता जागरूकता रंगोली प्रतियोगिता में सुरेन्द्र सिंह नेटी, विजेता चतुर्वेदी, राखी विंध्यराज, पीटीआई नबीउल्ला सिद्दिकी, हेल्थ केयर शिक्षक चंद्रमुखी साहू, विज्ञान शिक्षक आशीष उपाध्याय सहित अन्य ने अपनी सहभागिता निभाई।

### निबंध प्रतियोगिता में रितिक का हुआ चयन

**चैतमा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चैतमा जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पाली एसएन साहू, प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम के निर्देश पर जिला स्तरीय प्रेणना कार्यशाल निबंध कोरबा छुरी में वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी, व्याख्याता के मार्गदर्शन, चंद्रमुखी साहू के नेतृत्व में विद्यालय के विद्यार्थी ऋतिक कंवर, सुप्रिया कंवर, चांदनी ने सहभागिता निभाई। निबंध प्रतियोगिता में छात्र ऋतिक कंवर स्वयं सेवक राष्ट्रीय सेवा योजना का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता व्याख्याता नेताम, विभा तांडे, पार्वती राम, सुरेंद्र सिंह नेटी,भगीरथी श्रीवास, विजेता चतुर्वेदी, राखी विंध्यराज, धनराज, प्रज्ञा दास, नबीउल्ला सिद्दिकी, आशीष उपाध्याय कर्मचारियों, ग्रामवासियों ने प्रशंसा व्यक्त किया। प्राचार्य चंद्राणी सोम ने बताया कि 2047 में विकसित भारत को विभिन्न पहलुओं में कैसा दिखना चाहिए। विकसित भारत 2047 स्वतंत्रता के 100वें वर्ष, 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र में बदलने का दृष्टिकोण है।

## बालको नगर में मनाई गई आंबेडकर की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि।

अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग सोशल वेलफेयर सोसाइटी बालकोनगर के तत्वाधान में भारतीय संविधान के रचयिता भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती का आयोजन बालकोनगर सतनाम प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रज्ञा पांडे मुख्य मानव संसाधन प्रमुख बालको, कार्यक्रम के अध्यक्षता सम्मानीय रमेश जाटवर मास्टर ट्रेनर एवं वर्गीय कार्यकर्ता, विशिष्ट अतिथि निर्मल किरण, अधिवक्ता जिला न्यायालय कोरबा, डॉ.बरखा रानी कुर्रे, स्पीच थेरेपी ऑडियोलॉजिस्ट कोरबा, श्रीमती राजकुमारी जांगडे सहायक अभियंता, श्रीमती सरोज खुराना व्याख्याता सतरेंगा, श्रीमती पुष्पा कमल कंवर प्रधान पाठक बनखेता रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे रमेश जाटवर ने कहा कि जिस प्रकार बाबा साहब अम्बेडकर ने 1929 में समाज में प्रशिक्षित लोगों की कमी पर चिंता व्यक्त किये थे उसी प्रकार आज भी समाज में प्रशिक्षित लोगों की कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशिक्षण पर जोर दिए। जब तक लोग शिक्षित होने के बाद प्रशिक्षित नहीं होंगे तब तक विकसित समाज व राष्ट्र का निर्माण नहीं कर सकते। इस अवसर पर प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो भेंट किया गया। इस अवसर पर मनहरण सतरंज, दिनेश कुर्रे, संतोष बंजारे, डायमंड दास, केशव कुर्रे, राकेश डिसपॉट, केशव जांगड़े, गुरुदयाल जांगड़े, देवा टोंडे, मंगलू घृतलहरे, प्रमोद मानिकपुरी, विजय बौद्ध, शम्भू सोनवानी, चेतन जांगड़े, भागवत दिवाकर, केआर धारी, लालजी कुर्रे, मोहन सांडे, टीजराम अंचल, अरविंद सक्सेना, शिव अनंत, राजकुमार कुर्रे, टिकेश्वर चेलक, विवेक लहरे, रमेश घृतलहरे, राजीव दास कोटरे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मतदान के लिए कोल कर्मियों को मिली दो घंटे की छूट



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल प्रबंधन लोकसभा चुनाव में अपने कर्मियों को कार्य के दौरान दो घंटे के छूट देने जा रही है। पहले चरण के चुनाव को देखते हुए एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र में कोल कर्मियों को प्रथम पाली के शुरुआत में और द्वितीय पाली के शुरुआत में दो दो घंटे की छूट दी गई है। इस दौरान कोल कर्मी अपना मतदान करेंगे।

लोकसभा चुनाव में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करने एसईसीएल प्रबंधन ने भी एक नई पहल की है। 19 अप्रैल को प्रथम चरण के चुनाव के लिए एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र में एसईसीएल कर्मियों को प्रथम पाली की शुरुआत में अथवा प्रथम पाली के अंत में दो घंटे की छूट दी गई है। इसी तरह द्वितीय पाली में पाली प्रारंभ होने के समय दो घंटे की छूट दी गई है। जिससे कोल कर्मीयों को ड्यूटी के दौरान मतदान करने में किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। कोल कर्मी इस छूट का लाभ लेते हुए मतदान करें और मतदान के बाद अपने कार्य स्थल पर उपस्थित होकर कार्य का निष्पादन करें। यही वजह है कि कोल कर्मियों को स्वतंत्र मतदान के लिए दो घंटे की छूट प्रबंधन की ओर से दी गई है। इसी तरह 7 मई को कोरबा लोकसभा चुनाव के दौरान भी एसईसीएल के गेवरा, दीपका, कुसमुंडा और कोरबा क्षेत्र के खदानों में कार्यरत कोल कर्मियों को मतदान के दिन दो घंटे की छूट दी जाएगी। जिससे वह स्वंतत्र मतदान कर सके और वापस आकर अपना कार्य निष्पादित कर सके।

### निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय कोरबा में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी होंगे तथा यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत द्वारा लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के 24 घंटे संचालन के लिए अधिकारी, कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उक्त कंट्रोल रूम में स्थापित दूरभाष का क्रमांक 07759-221096 है। यहां सी-विजिल ऐप, एनजीपीएस, सीपीएस, ऑफलाइन और टेलीफोन के माध्यम से शिकायत की जा सकती है।

## कांग्रेस सरकार ही देगी महंगाई से छुटकारा बराबरी का अधिकार : ज्योत्सना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कांग्रेस की सरकार बनाने से ही लोगों को पूरा हक प्राप्त होगा। महिलाओं को बराबरी का अधिकार मिलेगा और सरकारी नौकरी में भी 50 प्रतिशत आरक्षण भी मिलेगा। जब-जब कांग्रेस की सरकार बनी है तब-तब किसानों का कर्जा माफ हुआ है। सरकार बनते ही न सिर्फ कर्जा माफ करेंगे बल्कि खेती-किसानी में काम आने वाले बीज से लेकर हर तरह के उपकरण व मशीनों पर लगने वाले टैक्स को भी खत्म किया जाएगा।

उक्त बातें कोरबा लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत ने संसदीय क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान कही। श्रीमती ज्योत्सना महंत लगातार जनता के बीच पहुंचकर कांग्रेस का हाथ मजबूत करने व कोरबा से लेकर केन्द्र तक कांग्रेस की सरकार बनाने का आह्वान व अपील कर रही है। इस कड़ी में वे रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सुखरीकला, सुखरीखुर्द सहित अन्य गांवों में पहुंचीं। इस अवसर पर सांसद ने कांग्रेस के न्याय पत्र के 5 न्याय व 25 गारंटी को प्रमुखता से बताते हुए कहा कि महंगाई चरम सीमा से भी ज्यादा बढ़ गई है जिसके कारण घर चलाना भी मुश्किल होने लगा है। महंगाई कम करने के लिए पेट्रोल-डीजल के दाम कांग्रेस की सरकार बनते ही कम किए जाएंगे ताकि सामानों के परिवहन में लागत कम आएगी तो सामानों की कीमत भी कम होगी।

## आपका एक वोट देगा हर समस्या को चोट, सही चुनिए अच्छा चुनिए : सरोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा की सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भी कहा है उसकी पूरी होने की गारंटी है। आप मोदी को जिताने की गारंटी दीजिए मैं आप सबसे आशीर्वाद मांगने आई हूं। एक मौका विकास के लिए दीजिए, जो कांग्रेस की सांसद नहीं कर सकी उन्हें मैं पूरा करूंगी। भ्रष्टाचारियों को नहीं विकासकारियों को दीजिए वोट। आपका एक वोट हर परेशानियों को देगा चोंट।

उक्त बातें भाजपा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय ने पाली तानाखार विधानसभा के पोड़ी मंडल के ग्राम तानाखार, कोंकोना, पचरा और पसान में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमारी और आप सबकी भाजपा की सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देश को विकास के शिखर तक पहुंचाने का काम किया है। इस दौरान डॉ. पवन सिंह, अक्षय गर्ग, मंडल अध्यक्ष रघुनंदन जायसवाल, विजय दुबे, विष्णू यादव, किरण मरकाम, सरपंच अमिता राज, विवेक मार्कण्डेय, राजेश चतुर्वेदी, सतीश जायसवाल व अन्य पदाधिकारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

19 korba-pg3_Layout 1 4/19/2024 11:29 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### 1 जून तक एग्जिट पोल के आयोजन प्रसारण पर रहेगा प्रतिबंध

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत 1 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में 9 उल्लेखित है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से 1 जून की शाम 6.30 बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 मई को

**कोरबा।** नालसा नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त लोक अदालत को सफल बनाने हेतु श्री सत्येंद्र कुमार साहू अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सचिव श्रीमती शीतल निकुंज ने आम नागरिकों से अपील की है कि न्यायालय में संस्थित अपने सिविल, क्रिमिनल, मोटर दुर्घटना, बैंक संबंधी मामले, निगम से संबंधित जल कर, भू-कर, मकान कर, बिजली से संबंधित मामले, दूर संचार विभाग से संबंधित मामले, विभिन्न आपराधिक प्रकरण एवं पारिवारिक विवाद जैसे समस्त मामले जो राजीनामा योग्य हो, उसमें न्यायालय पहुंचकर अपने मामले समझौता एवं सुलह के माध्यम से निराकरण कराए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 11 मई को नेशनल लोक अदालत के साथ ही जिला न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया जा सकता है।

### नहीं खुला प्याऊ, सूखने लगे लोगों के कंठ

**कोरबा।** कोरबा में गर्मी के जोर पकड़ने के साथ ही लोग प्याउ की मांग करने लगे है। पारा 40 डिग्री के आस-पास पहुंच गया है लेकिन निगम की तरफ से अब तक प्याउ नहीं लगाया गया है। लोग चाहते हैं कि निगम जल्द से जल्द प्याउ की व्यवस्था करे ताकी पानी के लिए लोगों को परेशान ना होना पड़े। जिले में गर्मी ने कहर बरपाना शुरु कर दिया है, लेकिन प्याउ की व्यवस्था अब तक नहीं हो सकी है। पारा जिस गति से बढ़ता जा रहा है, उसके हिसाब से अब तक प्याउ की व्यवस्था हो जानी चाहिए थी, लेकिन वो अब तक संभव नहीं हो सका है। प्याउ की व्यवस्था नहीं होने से लोग काफी परेशान है। जल ही जीवन है लेकिन कोरबा का निगम प्रशासन इस बात को समझना नहीं चाहता, अगर पानी नहीं मिलेगा तो जान भी जा सकती है। इस लिहाज से आम जनता को प्याउ खोलने को लेकर जल्द ही पहल करनी चाहिए।

### मतदाताओं को जागरूक करने शिक्षकों ने निकाली बाइक रैली

**सूरजपुर।** स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आज कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास द्वारा शिक्षकों की बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से शिक्षक शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगो को प्रेरित करेंगे। रैली प्यूरी चौक ,बाजार चौक और चांदनी चौक से होते हुए बाइक रैली सुभाष चौक तक निकाला गया। मतदान के प्रतिशत बढाने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया गया था। साथ ही मितानिन, शिक्षक, स्काउट गाइड एवं समूह के महिलाओं को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई।

## निधन

### गोरेलाल दुबे

**कोरबा।** शहर के भूतपूर्व प्राचार्य गोरेलाल दुबे



नरियरा वाले का शुक्रवार की रात निधन हो गया है। वे डॉ कमलेश दुबे, योगेश दुबे, राजेश दुबे और मंजु दुबे के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार की सुबह 11 बजे पोडीबहार स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

---

## कई स्थानों में छाया नहीं होने की वजह से जवानों की बढ़ रही मुश्किलें

# तापमान पहुंचा 43 डिग्री के पार, सड़कों पर ट्रैफिक जवान तैनात, बिगड़ रही है तबियत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



तपती धूप में यातायात व्यवस्था संभालता जवान।

जिले का तापमान 43 डिग्री के पार जा पहुंचा है और लगातार सड़कों पर ट्रैफिक पुलिस के जवानों को ट्रैफिक को कंट्रोल करने के लिए सड़क पर ही एक घंटा तक खड़ा होना पड़ रहा है। ऐसे में लगातार बढ़ती गर्मी बहुत तेज धूप की वजह से ट्रैफिक पुलिस के जवानों की तबियत खराब होने लगी है। किसी को लू लग रही है तो कोई डिहाइड्रेशन का शिकार हो रहा है। लगातार ऐसी शिकायत सामने आ रही है। जिससे पुलिस जवानों की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही है।

उल्लेखनीय है कि जिले की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जिले के पुलिस ट्रैफिक जवानों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। शहर के प्रमुख चौक चौराहा सीएसईबी चौक, निहारिका, टीपी नगर चौक, सुनालिया, सीतामढ़ी चौक, पुराना बस स्टैंड सहित अन्य स्थानों में ट्रैफिक व्यवस्था को कंट्रोल करने के लिए जगह-जगह इन स्थानों में ट्रैफिक पुलिस के जवानों को तैनात किया जाता है। साथ ही वीआईपी के मूवमेंट होने पर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को कंट्रोल करने के लिए अलग-अलग स्थान पर पिछले कई दिनों से पुलिस के जवानों को घंटों धूप में ही खड़ा होकर ड्यूटी करनी पड़ रही है। लगातार धूप में खड़े होने की वजह से ट्रैफिक पुलिस के जवानों की तबियत बिगड़ रही है। किसी को लू लगने की शिकायत सामने आ रही है तो कोई डिहाइड्रेशन का शिकार हो रहा है। ट्रैफिक पुलिस के लगभग एक दर्जन से अधिक जवानों व कर्मचारियों को इसी तरह की शिकायतें सामने आ रही है। यदि यही हाल रहा तो ट्रैफिक पुलिस के जवानों को आने वाले दिनों में और भी परेशानियों को सामना करना पड़ सकता है। पुलिस के आला अधिकारियों को ट्रैफिक पुलिस के जवानों को ड्यूटी करने के लिए छाया या फिर उन्हें ड्यूटी के दौरान बेहतर पानी ग्लूकोस अन्य की व्यवस्था हो सके इस दिशा पर प्रयास करना चाहिए ताकि धूप में उन्हें लगातार खड़ा ना होना पड़े तथा धूप में भी ड्यूटी करने में आसानी हो।

### दोपहर 12 बजे के बाद ट्रैफिक कंट्रोल मैन्युअल किया जाना चाहिए

शहर के टीपी नगर चौक व सीएसईबी चौक में ट्रैफिक कंट्रोल के लिए पुलिस के जवानों के साथ-साथ ट्रैफिक सिग्नल का सहारा लिया जाता है लेकिन 11 बजते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर चढ़ जाता है। ऐसे में ट्रैफिक सिग्नल होने की वजह से लोगों को धूप में खड़ा होना पड़ता है। लगातार लोगों की डिमांड हो रही है कि दोपहर 12 बजे के बाद ट्रैफिक सिग्नल को मैन्युअल कर दिया जाना चाहिए ताकि लोग आसानी से आना-जाना कर सके और उन्हें ट्रैफिक सिग्नल की वजह से धूप में खड़ा ना होना पड़े।

### शहर में लगातार हो रहा है वीवीआईपी मूवमेंट

लोकसभा चुनाव पूरे सबाब पर है। ऐसे में लगातार नामांकन दाखिल व प्रचार के लिए वीवीआईपी मूवमेंट शहर के अलग-अलग क्षेत्र में हो रहा है। शहर में नामांकन रैली के दौरान बड़े-बड़े भी वीआईपी लोगों का आना जाना हो रहा है। इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को कंट्रोल करने के लिए घंटों ट्रैफिक पुलिस के जवानों को खड़े होना पड़ रहा है। यही वजह है कि लगातार धूप में खड़े होने की वजह से ट्रैफिक पुलिस के जवानों की तबियत बिगड़ रही है। वहीं आने वाले दिनों में अब प्रचार प्रसार का दौर शुरू होगा ऐसे में और भी वीवीआईपी मूवमेंट शुरू होगा। ऐसे में पुलिस के अधिकारी, कर्मचारियों की तबियत ना बिगड़े इस दिशा पर आला अधिकारियों को प्रयास करना होगा ताकि अधिक से अधिक पुलिस के जवान ड्यूटी पर तैनात रहे और उन्हें किसी तरह की परेशानी ना हो। पुलिस के जवानों को पानी की कमी ना हो और वे अपनी ड्यूटी बेहतर ढंग से कर सकें। इस दिशा पर पुलिस के अधिकारियों को प्रयास करना चाहिए।

---

# बैंक में पैसा निकालने आई वृद्धा भटकी, डायल 112 ने छोड़ा घर



वृद्धा को घर पहुंचाती डायल 112 की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली ब्लाक के अंतर्गत सुदूर पहाड़ी वनांचल क्षेत्र की 84 वर्षीय बुजुर्ग महिला फटकिंन बाई निवासी सपलवा पुत्र मायाराम रोहिदास जो घर से बिना बताए पाली ग्रामीण बैंक पैसा निकालने आई। घर वाले सभी परिजन महुआ बिनने जंगल निकल गए थे। बुजुर्ग महिला के द्वारा अपने बैंक खाता लेकर उस क्षेत्र में चल रहे बस में बैठ गई। उस रोड में खाली एक ही बस चलती है।

पाली से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी में सपलवा ग्राम पंचायत है। जिसके कारण वह वापस नही जा पाई और भटक रही थी। 17 तारीख को रामनवमी अवसर पर सभी बैंकों की छुट्टी थी। बैंक बंद होने से दूर से आए बुजुर्ग महिला भूखे प्यासे भीड़ में भटक रही थी। भटकते हुए फारेस्ट कालोनी पाली भीम पटेल के घर के पास पहुंची जिस पर भीम पटेल ने डायल 112 को सूचना दिया कि एक बुजुर्ग महिला यहां अकेले बैठी है और उम्र दराज होने के वजह से वह ना सुन पा रही थी ना बोल पा रही थी। डायल आरक्षक पंचू राम सिदार चालक क्षितिज शर्मा वहां पहुंचे। नाम पता पूछने पर कोई जवाब नहीं मिला जिस पर बुजुर्ग महिला के पास जो थैला रखी थी उसको चेक किया गया जिसमें उसका आधार कार्ड और ग्रामीण बैंक का पास बुक मिला और आधार कार्ड के माध्यम से बुजुर्ग महिला का नाम पता मिला। डायल 112 के द्वारा पाली थाना प्रभारी चमन सिन्हा को सूचना दे अवगत कराई गई फिर वृद्ध महिला को उसके गांव पहुंचाया गया।

### महिला को कांवर में लेकर पहुंचाया वाहन तक



प्रसव पीड़ा से जूझ रही पहाड़ी कोरवा महिला को डायल 112 के स्टॉफ द्वारा कांवर के सहारे उठाकर वाहन तक लाया गया। जिसके बाद डायल 112 के कर्मचारियों द्वारा उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामला लेमरू थाना से आगे चिराईजुंझ (डोकरमना) का बताया जा रहा है। जहां पहाड़ी कोरवा महिला अत्यधिक प्रसव पीड़ा से जुझ रही है, मामले की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंचीं, दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण घर तक वाहन का जा पाना संभव नहीं था, परिस्थितियों को देखते हुए मौके पर पहुंचे डायल 112 से आरक्षक बसंत कुमार एवं चालक साहिल रात्रे ने पीड़िता पहाड़ी कोरवा महिला को कांवर के सहारे कंधे पर उठाया तथा वाहन तक का सफर तय करना शुरु किया। तत्पश्चात डायल 112 वाहन के ज़रिए पीड़िता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा उसका उपचार जारी है।

---

# प्रेक्षक से आमनागरिक निर्वाचन संबंधी कर सकते हैं शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा निर्वाचन 2024 कोरबा लोकसभा अंतर्गत जिले के सभी चारों विधानसभा रामपुर, कटघोरा, पाली-तानाखार, कोरबा हेतु सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेमसिंह मीणा (आईएएस) से आमनागरिक सुबह 9 बजे से 10 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस कक्ष क्रमांक-1 में मुलाकात कर सकते हैं। इसी तरह उनके मोबाइल नम्बर 7647045883 में सम्पर्क कर निर्वाचन संबंधी शिकायत की जा सकती है। इसी तरह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के दो विधानसभा (भरतपुर-सोनहत, मनेन्द्रगढ़), जिला कोरिया के 01 विधानसभा (बैकुण्ठपुर) एवं जिला गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही के 1 विधानसभा (मरवाही) हेतु सामान्य प्रेक्षक श्री कैलाश सुखदेव पगारे (आईएएस) को नियुक्त किया गया है। उक्त विधानसभा के संबंधित निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए आम नागरिक एनटीपीसी स्थित कावेरी गेस्ट हाउस में सुबह 09 से 10 बजे तक कक्ष क्रमांक 01 में मुलाकात कर सकते हैं। इसके साथ ही इनके मोबाइल नंबर 7647046318 में संपर्क कर निर्वाचन संबंधी शिकायत कर सकते हैं।

---

# पांच दिन बाद भी युवती की नहीं हुई पहचान पीएम के बाद पुलिस ने किया कफन दफन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पांच दिनों पूर्व दुकान में तैरती मिली एक युवती की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई। इसके बाद पांचवें दिन पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई की और पुलिस द्वारा शव का कफन दफन कर दिया है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का ही बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल पुलिस युवती की शिनाख्ती के प्रयास में जुटी हुई है। शिनाख्ती के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो सकेगा।

**खास बात**

- खैरभवना डूबान में मिली थी युवती की लाश

ज्ञात रहे कि लेमरू थाना क्षेत्र अंतर्गत सतरेंगा के खैरभावना डूबान क्षेत्र 15 अप्रैल की सुबह लगभग 9 बजे नहाने गए लोगों ने पानी में एक युवती की लाश देखी। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। लेमरू थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचकर मामले की तहकीकात शुरू की थी। घटना के 5 दिन बाद शुक्रवार को पुलिस ने मृत युवती के पोस्टमार्टम की कार्यवाही कराई और कार्यवाही के उपरांत शव का कफन दफन कर दिया गया। मामले को लेकर लेमरु थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि पुलिस द्वारा मृत युवती के शिनाख्ती का प्रयास लगातार किया जा रहा है।

### अज्ञात महिला की मिली लाश

मानिकपुर चौकी पुलिस की डायल 112 की टीम एक अज्ञात महिला को उपचार के लिए विगत दिनों जिला अस्पताल में दाखिल कराया



था जहां इलाज के दौरान गुरुवार की रात महिला की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर मृत महिला की शिनाख्ती के प्रयास में जुटी हुई है।

फिलहाल पीएम रिपोर्ट नहीं मिल पायी है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मामले में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

---

# दर्री जोन से निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली





मतदान जागरुकता रैली के दौरान निगम कर्मी एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के दर्री जोन अंतर्गत विगत चुनाव में मतदान प्रतिशत कम होने वाले क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन निगम द्वारा किया गया, जिसमें काफी संख्या में मतदाताओं ने भाग लिया। निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने उपस्थित मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग कर अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील किए जाने के साथ ही उन्हें मतदाता शपथ ग्रहण कराई।

**खास बात**

- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में लगातार संचालित हो रहा मतदाता जागरुकता अभियान

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विगत चुनावों में जिन क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है, उन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में विशेष फोकस रखते हुए अभियान संचालित हो रहे हैं। इसी कड़ी में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में नगर निगम के दर्री जोनांतर्गत एचटीपीएस आवासीय परिसर तथा उसके आसपास के क्षेत्रों में मतदाता रैली का आयोजन किया गया तथा रैली के माध्यम से मतदाताओं को यह संदेश दिया गया कि वे अपने मताधिकार का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने उपस्थित मतदाताओं को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का संकल्प दिलाया तथा मतदाता शपथ ग्रहण कराई। इस मौके पर निगम के उपायुक्त बीपी त्रिवेदी, जोन कमिश्नर एके शर्मा, सहायक अभियंता डीसी सोनकर जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, उप जोन प्रभारी मनीष ठाकुर, उप अभियंता अनिलकुमार राम, उप राजस्व निरीक्षक महेश्वर सिंह एवं तीजराम पटेल, सहायक राजस्व निरीक्षक रामाधार सागर के साथ-साथ काफी संख्या में मतदातागण उपस्थित थे।

### मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने दर्री जोन के आधा दर्जन से अधिक मतदान केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान क्र. 22, 23, 33, 34, 35, 36 व 36 क आदि मतदान केन्द्रों में पहुंचकर वहॉ पर मतदान हेतु की जा रही आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होने मतदान कक्षों की व्यवस्था, बाथरूम व शौचालय रूम, पानी की व्यवस्था, लाईट व्यवस्था, मतदाताओं हेतु छाया की व्यवस्था सहित अन्य विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

---

### जीरो एरर के साथ मतदान दल को वितरित हो पोलिंग किट

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दलों को पोलिंग किट का वितरण समय पर सुनिश्चित करने आज कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर प्रेक्षकद्वय श्री प्रेमसिंह मीणा(आईएएस), कैलाश सुखदेव पगारे, कलेक्टर अजीत वसंत, नोडल अधिकारी श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, सहायक नोडल अधिकारी विकास चौधरी की उपस्थिति में पोलिंग किट तैयार करने वाले कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि किट में निर्धारित सामग्री उपलब्ध हो ताकि जीरो एरर के साथ मतदान दल रवाना हो सके और मतदान हो। प्रशिक्षण में बताया गया कि सीईओ कार्यालय से प्राप्त पोलिंग किट में किसी प्रकार की सामग्री की कमी तो नहीं है। कर्मचारियों को सभी सामग्री का मिलान करने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में अंतिम जांच 4 मई को करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स डॉ.बोगी शंकर राव, सुशील गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कांग्रेस के बहकावे ...

खातों में राशि डाल दी जाएगी। महतारी वंदन के तहत साल के 12 हजार और प्रति महीने 1 हजार रुपए भेजे जाएंगे। चुनाव के बाद 18 लाख गरीब परिवारों का आवास बनाने का काम शुरु कर दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री अरुण साव, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय, पूर्व विधायक रामदयाल उइके, लोकसभा के सहसंयोजक मनोज शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

---

# परीविक्षाधीन अवधि में दस्तावेजों का अधिकारियों ने नहीं किया सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में वर्ष 2008 और 2009 में की गई शिक्षा कर्मी भर्ती के दौरा अभ्यर्थियों के द्वारा आवेदन पत्रों के साथ प्रस्तुत किए गए शैक्षणिक दस्तावेजों का तत्कालीन अधिकारियों एवं चयनसमिति के सदस्यों द्वारा परीविक्षाधीन अवधि के दौरान भौतिक सत्यापन नहीं कराए जाने के कारण अभी भी फर्जी दस्तावेजों के सहारे कई शिक्षा कर्मी जिले के विभिन्न स्कूलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। चयन समिति के सदस्यों एवं अधिकारियों की लापरवाही की वजह से फर्जी दस्तावेजों के सहारे अयोग्य अभ्यर्थियों का चयन कर लिया गया, जिसका अब धीरे धीरे खुलासा हो रहा है। जिले में दो वर्ष के दौरान 2008 व 2009 में शिक्षा कर्मी भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई थी। जिसमें जनपद पंचायत कोरबा में फर्जी दस्तावेजों के सहारे अभ्यर्थियों के चयन का मामला अभी सामने आया है। भर्ती के दौरान शासन के नियमों का पालन न करते हुए उनके दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन नहीं किया गया, जबकि शासन का नियम है परीविक्षाधीन अवधि में अभ्यर्थियों के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन कराया जाना तत्कालीन अधिकारियों ने और भर्ती शाखा प्रभारी द्वारा अभ्यर्थियों के दस्तावेजों को भौतिक सत्यापन कराने के मामले में घोर लापरवाही बरती गई। सूत्रों की मानें तो 2007 और 2009 की चयनित सूची में ही अभ्यर्थियों को शामिल कर लिया गया, चूंकि नियम विरूद्ध है। इस मामले को लेकर अब शिकायतें सामने आ रही हैं, लेकिन चयनित शिक्षा कर्मियों का शिक्षा विभाग में संविलियन होने के साथ प्रमोशन हो चुका है और सेवाकाल को भी 8 से 10 साल बीत चुके हैं। ऐसे मामलों की अगर गंभीरता से जांच की जाए तो भर्ती के दौरान की गई गड़बड़झाला का खुलासा हो जाएगा। रजगामार हायर सकेंडरी स्कूल में पदस्थ सहायक शिक्षक द्वारा प्रस्तुत दो अंकसूची का मामला इसी से जुड़ा हुआ है।

कोरबा मार्केट
गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा, जिला कोरबा (छ०ग०)**

**।। ईश्तहार ।।**

राजस्व प्रकरण कमांकः-202403050100128
मामले की श्रेणी-अ-6-अ वर्ष 2023-24
ग्राम-पताढ़ी प.ह.नं.29

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक- 202403050100128/अ-6-अ/2023-24 में पक्षकार रेखा त्रिपाठी बनाम छ०ग० शासन में आवेदिका श्रीमती रेखा त्रिपाठी पति स्व० एस. के. त्रिपाठी, निवासी ग्राम पताढ़ी, तहसील व जिला- कोरबा छ०ग० के द्वारा अपने पुत्र आशीष त्रिपाठी पिता स्व० एस.के. त्रिपाठी के नाम की भूमि ग्राम पताढ़ी, प०ह०नं0- 27, तहसील कोरबा में स्थित भूमि ख0नं0 205/3 (207/3) रकबा 0.04, 3/4 एकड़ भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज रहा है। उक्त भूमि वर्तमान ऑनलाईन अभिलेख में दर्ज नहीं होने के कारण अभिलेख दुरूस्ती किये जाने हेतु आवेदन न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) कोरबा के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त है।

अतएव उपरोक्तानुसार अभिलेख दुरूस्त किया जाता है तो जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई अपना दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 03/05/2024 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**कोरबा (छ.ग.)**

---

**न्यायालय प्रथम अपर जिला न्यायाधीश कटघोरा, जिला कोरबा (छ0ग0)**

प्रकरण क्रमांक 1/24
प्रोसेस क्रमांक -
पेशी तारीख – 08/05/2024

नर्मदा ....................................वादी/आवेदक
विरुद्ध
प्रेमा वगै. ......................प्रतिवादी/अनावेदक
बनाम
आम जनता

वादी/आवेदक नर्मदा के द्वारा प्रतिवादी/अनावेदक प्रेमा वगै. के विरुद्ध धारा 96 आदेश 41 नियम 5. व्य.प्र.सं. के तहत माननीय न्यायालय श्रीमान प्रथम अपर जिला न्यायाधीश कटघोरा में प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 08/05/2024 की तिथि है। अतः प्रतिवादी/अनावेदक आम जनता (इससे जो संबंध रखता हो) को उक्त आवेदन पत्र के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 08/05/24 को प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश करें अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

नोट - यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

यह आज तारीख 18/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है। दिनांक 18/04/2024

**प्रथम अपर जिला न्यायाधीश**
**कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

